**Need to establish a sports stadium of international standard in Agra District, Uttar Pradesh-laid**

श्री राजकुमार चाहर **(**फतेहपुर सीकरी**) :** देश के अनेक राज्यों में, विशेषकर प्रमुख जिलों में, अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक खेल स्टेडियम स्थापित किए गए हैं?जिनमें लखनऊ, कानपुर, अहमदाबाद, रायपुर, रांची, भुवनेश्वर जैसे शहर शामिल हैं । इन स्टेडियमों ने न केवल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को प्रोत्साहन दिया है, बल्कि स्थानीय स्तर पर युवाओं में खेल संस्कृति को भी बल दिया है । आगरा, जो कि देश का एक प्रमुख पर्यटक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक जिला है, वहां आज तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम नहीं बन पाया है । जबकि आगरा के युवा विभिन्न खेलों में भाग लेने के इच्छुक भी हैं, परंतु उन्हें प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की कमी के कारण अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ता है । आगरा में एक अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण न केवल खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि इससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा । इसके माध्यम से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेज़बानी कर आगरा को एक खेल गंतव्य के रूप में भी विकसित किया जा सकता है । अतः मेरा माननीय खेल एवं युवा कार्य मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि आगरा जिले में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम की स्थापना हेतु आवश्यक पहल करें ।